It is thought that this unusual warming of the earth has been caused by greenhouse gases such as carbon dioxide, being emitted into the atmosphere by car engines and modern industrial processes. Such gases not only add to the pollution of the atmosphere, but trap the heat of the sun leading to the warming up of the planet. It has been suggested that industrialised countries would try to reduce the volume of greenhouse gas emissions and plant more trees to create sinks to absorb greenhouse gases.

11. The changes taking place in our climate have become
- (A) a matter of celebration for the scientists
- (B) a matter of worry for the scientists
- (C) something that does not have any serious implication
- (D) something to be whiled away by the scientists

12. The antonym of the underlined word 'increase' is
- (A) increment (B) reduction
- (C) smaller (D) rapid

13. The climatic changes taking place today are different from earlier changes as :
- (A) today they are slower and more natural
- (B) today they are much faster and caused by the humans
- (C) today they do not threaten the humans because of their speed
- (D) today men are affected by them easily

14. Increase in global temperatures may result in :
- (A) rains
- (B) destruction of crops
- (C) death of animals
- (D) a long period without rains

15. The underlined word 'slower' in the passage is :
- (A) Noun (B) Verb
- (C) Adjective (D) Adverb

16. Greenhouse gases refer to :
- (A) emission of gases by the cars alone
- (B) emission of gases by the industries alone
- (C) trapping of heat of the sun by the earth increasing temperatures alone
- (D) carbon dioxide being produced from any source

17. The underline word 'sinks' in the passage refers to
- (A) absorption of greenhouse gases by industries
- (B) reduction of greenhouse gas emissions
- (C) industrialised countries
- (D) the plantation for absorbing harmful gases

Direction (Q. No. 18 and 20)

Read the given passage carefully and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option.

Among these adventures, in the year 1887, was a youth called Jacob who was then twenty-one years old. Although so young he had already lived a risky and dangerous life. He had been a seaman and corssed the Pacific, and been a pirate and a river patrol-man, a coal shoveller at a power plant, a landless man and a 'hobo'. He had tramped the United States and Canada, switch rides on freight trains, and dodging and fighting railway men and police and knew all about cold and hunger, and poverty and danger, and he had served a prison-sentence of thirty days.

Though he did little else, he had a great love for books and words, and though he had found no gold in the Klondike, these things were soon to earn him a fortune. He came back from Alaksa after a year suffering from scurvy and without a penny in his pocket. He had, however, a great wealth of experience and he began to write stories about places he had seen and the people he had met. After months of hard work and hunger, he found success, Magazines began to accept his Alaskan stories.

Soon, he was famous. In the next sixteen years, he published fifty books, and made and spent a million dollars. He died in 1916.

18. In the given passage, what do you understand by the word 'Hobo' ?
- (A) A hero
- (B) Someone who does not have a job or a house and moves from one place to other
- (C) Someone who is brave
- (D) Someone who fights with everyone and does not sit quietly ever

19. 'Scurvy' means
- (A) a disease resulting from a lack of vitamin C
- (B) an injury caused to the body from freezing cold
- (C) a sea-sickness
- (D) a feeling of nausea

Direction (Q. No. 20 to 24)

Read the given passage carefully and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option.

Valentin Hauy developed a system of reading for the blind he printed normal letters in relief that could be felt by a touch of finger. He also started a school for the blind children. Hauy's system of reading for the blind was very useful. But it was quite difficult to learn. Moreover, it was only a reading system. There was no way for the blind to write in this system. In 1819, a ten-year-old blind boy named Louis Braille entered Hany's school. He was an intelligent student and quickly learnt to read with the help of embossed letters. But he soon realised the disadvantages in Hauy's system. He made up his mind to develop an easier method of reading and writing for the blind. And in 1824, when he was only 15, Braille invented a system of writing which has been accepted all over the world. He was yet Children. It is supported by the French government.

On the basis of your understanding of the passage, answer the following questions :

20. What according to the passage was the major disadvantage in Hauy's system ?
- (A) It was difficult to comprehend.
- (B) Hauy's system was difficult for the blind to use for writing.
- (C) It was easy to learn.
- (D) It was a regular reading and writing system.

21. What according to you is Louis Braille known for ?
- (A) A blind boy
- (B) A general student in Hauy's school
- (C) The inventor of a system of reading and writing for the blind
- (D) A ten year old boy

22. he printed letters in relief,

Here the word 'relief means .....
- (A) engraved
- (B) in a depressed form
- (C) normal form
- (D) in a raised form

23. Give the synonym of the word 'invent'.
- (A) create (B) realize
- (C) discover (D) unearth

24. Give the antonym of the word 'develop'.
- (A) grow (B) decline
- (C) overweight (D) ripe

❑❑

अध्याय

1 संख्या पद्धति (Number System)

संख्याएँ (Numbers)

I. अंक—0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, तथा 9 को गणित में अंकों की परिभाषा दी गई है। इन अंकों के द्वारा विभिन्न संख्याओं का निर्माण किया जाता है। जैसे—10, 123, 456, 789 इत्यादि।

II. संख्यांक प्रणाली—संख्यांक प्रणाली में मुख्यतः दो प्रकार की प्रणाली निहित होती है—(i) दाशमिक अंकन प्रणाली, (ii) रोमन अंकन प्रणाली।

(i) दाशमिक अंकन प्रणाली—0 से 9 अर्थात् दस अंकों के होने के कारण इसे दाशमिक अंकन प्रणाली कहा जाता है। इस प्रणाली में संख्याओं को दो प्रकार से लिखा और पढ़ा जाता है—(a) भारतीय संख्या प्रणाली, (b) अन्तर्राष्ट्रीय संख्या प्रणाली।

(a) भारतीय संख्या प्रणाली के अन्तर्गत संख्याओं को उनके स्थानीय मानों के अनुरूप पढ़ा और लिखा जाता है। इन संख्याओं को नीचे दी गई तालिका के अनुसार पढ़ा जाता है:

दस करोड़	करोड़	दस लाख	लाख	दस हजार	हजार	सैकड़ा	दहाई	इकाई
10^8	10^7	10^6	10^5	10^4	10^3	10^2	10^1	$10^0=1$

उदा. : संख्या 51, 45, 42, 786 को इकयावन करोड़, पैंतालीस लाख, बयालीस हजार सात सौ छियासी पढ़ा जाता है।

1 दहाई = 10 इकाइयाँ
1 सैकड़ा = 10 दहाइयाँ
= 100 इकाइयाँ
1 हजार = 10 सैकड़ा
= 100 दहाइयाँ
1 लाख = 100 हजार
= 1000 सैकड़ा
1 करोड़ = 100 लाख
= 10,000 हजार

(b) अन्तर्राष्ट्रीय संख्या प्रणाली के अन्तर्गत सभी संख्याओं को निम्नलिखित तालिका के अनुसार पढ़ा और लिखा जाता है:

दस मिलियन	एक मिलियन	सौ हजार	दस हजार	हजार	सैकड़ा	दहाई	इकाई
10^7	10^6	10^5	10^4	10^3	10^2	10^1	$10^0=1$

उदा. : संख्या 14, 542, 786 को अन्तर्राष्ट्रीय संख्या प्रणाली में चौदह मिलियन पाँच सौ बयालीस हजार सात सौ छियासी पढ़ा जाता है।

(ii) रोमन अंकन प्रणाली—इस प्रणाली में संख्या लैटिन वर्णमाला के अक्षरों के संयोजन द्वारा दर्शायी जाती है। वर्तमान में उपयोग किये जाने वाले रोमन अंक, सात प्रतीकों पर आधारित हैं।

रोमन प्रणाली	I	V	X	L	C	D	M
हिन्दू अरेबिक प्रणाली	1	5	10	50	100	500	1000

उदा. : 25 को XXV तथा 101 को CI लिखा जाता है।

नोट :–

- किसी भी संकेत की पुनरावृत्ति होने पर वह जितनी बार आता है उसका मान उतनी ही बार जोड़ दिया जाता है।
- किसी भी संकेत की पुनरावृत्ति तीन से अधिक बार नहीं की जाती है। संकेत V, L व D की कभी पुनरावृत्ति नहीं होती है।
- यदि छोटे मान वाला कोई संकेत एक बड़े मान वाले संकेत के दाईं ओर लग जाता है, तो बड़े मान में छोटे मान को जोड़ दिया जाता है।
- यदि छोटे मान वाला कोई संकेत एक बड़े मान वाले संकेत के बाईं ओर लग जाता है, तो बड़े मान में छोटे मान को घटा दिया जाता है।
- संकेत V, L और D के मानों को कभी भी घटाया नहीं जाता है। संकेत I को केवल V और X में से घटाया जा सकता है। संकेत X को केवल L, M व C में से ही घटाया जा सकता है।

III. सबसे बड़ी संख्याएँ एवं छोटी संख्याएँ

(i) इकाई—अंक 0 से 9 तक इकाई अंक होते हैं। सबसे छोटी तथा सबसे बड़ी 1–अंक की संख्या क्रमशः 0 तथा 9 है।

(ii) दहाई—10 से 99 तक की संख्याएँ दहाई वाली संख्याएँ होती हैं। 2–अंकों की सबसे छोटी तथा 2–अंकों की सबसे बड़ी संख्या क्रमशः 10 और 99 हैं।

(iii) सैकड़ा—100 से 999 तक की संख्याएँ सैकड़े वाली संख्याएँ होती हैं। 3–अंकों की सबसे छोटी एवं सबसे बड़ी संख्या क्रमशः 100 तथा 999 है।

(iv) हजार—1,000 से 9999 तक की संख्याएँ हजार वाली संख्याएँ होती हैं जहाँ, 1000 सबसे छोटी 4-अंकों की संख्या तथा 9,999, 4-अंकों की सबसे बड़ी संख्या है।

(v) दस हजार—10,000 से 99,999 तक की संख्याओं में 5-अंकों की सबसे छोटी संख्या तथा 5-अंकों की सबसे बड़ी संख्या क्रमशः 10,000 और 99,999 है।

(vi) लाख—1,00,000 से 9,99,999 तक की संख्याएँ लाख वाली संख्याएँ होती हैं। 6 अंकों की सबसे छोटी तथा सबसे बड़ी संख्या क्रमशः 1,00,000 तथा 9,99,999 है।

(vii) दस लाख—10,00,000 से 99,99,999 तक की संख्याएँ दस लाख वाली संख्याएँ हैं। 7-अंकों की सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्या क्रमशः 99,99,999 तथा 10,00,000 है।

(viii) 1 करोड़—8 अंकों की सबसे बड़ी संख्या 9,99,99,999 तथा सबसे छोटी संख्या 1,00,00,000 है।

IV. अंकों के मान

(i) स्थानीय मान—किसी संख्या में अंक का मान उसके स्थानीय मान तथा स्वयं के गुणनफल से प्राप्त मान होता है। जैसे—संख्या 4,89,765 में 6 का स्थानीय मान $6 \times 10 = 60$ होगा, जहाँ 6 को उसके स्थानीय मान अर्थात् दहाई स्थान (10) से गुणा किया गया है। इसी प्रकार उपरोक्त संख्या में 8 का स्थानीय मान 80,000 तथा 4 का स्थानीय मान 4,00,000 होता है।

(ii) वास्तविक मान–किसी संख्या में अंक का वास्तविक मान स्वयं संख्या होती है। जैसे–संख्या 59,438 में 9 का वास्तविक मान 9 ही होता है।

नोट– यदि दो अंकों x तथा y से बनी एक संख्या $10x + y$ है, तो x दहाई का अंक तथा y इकाई का अंक होता है।

V. संख्याओं की तुलना

(i) संख्याओं की तुलना जिनमें अंकों की संख्या बराबर नहीं हो–अधिक अंकों वाली संख्या कम अंकों वाली संख्या से बड़ी होती है अथवा कम अंकों वाली संख्या अधिक अंकों वाली संख्या से छोटी होती है।

(ii) संख्याओं की तुलना जिनमें अंकों की संख्या बराबर हो–आठ अंकों वाली संख्याओं में बायें से दायें क्रमशः करोड़, दस लाख, लाख, दस हजार, हजार, सैकड़ा, दहाई, इकाई के स्थानों पर लिखे अंकों की तुलना के आधार पर छोटी अथवा बड़ी संख्या ज्ञात करते हैं।

उदा. 1. 54,29,683 और 54,29,684 में दस लाख, लाख, दस हजार, हजार, सैकड़ा, दहाई के स्थानों पर लिखे अंक समान हैं तथा इकाई के स्थान पर लिखे अंकों में $3 < 4$ अथवा $4 > 3$ है। अतः
54,29,683 < 54,29,684 अथवा 54,29,684 > 54,29,683

उदा. 2. 5403100, 2560860, 14580872, 1450378 को आरोही क्रम में लिखिये।

हल : दी गई संख्याओं को छोटे से बड़े क्रम में रखने पर इनका आरोही क्रम = 1450378, 2560860, 5403100, 14580872

उदा. 3. 1329543, 2329543, 13295406, 329543 को अवरोही क्रम में लिखिये।

हल : दी गई संख्याओं को बड़े से छोटे क्रम में रखने पर इनका अवरोही क्रम = 13295406, 2329543, 1329543, 329543

संख्याओं का वर्गीकरण (Classification of Numbers)

दशमलव संख्या पद्धति (Decimal System) में संख्याओं को 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 आदि अंकों के प्रयोग द्वारा निरूपित किया जाता है। संख्याओं को उनके गुणों के आधार पर अलग-अलग समूह में वर्गीकृत किया गया है।

I. प्राकृत संख्याएँ–ये संख्याएँ 1 से प्रारम्भ होती हैं और अनन्त तक जाती हैं। इनके समूह को N से दर्शाते हैं।

$$N = \{1, 2, 3, 4, 5...\}$$

II. पूर्ण संख्याएँ–जब प्राकृत संख्याओं में शून्य को शामिल किया जाता है, तो पूर्ण संख्याएँ बन जाती हैं।

$$W = \{0, 1, 2, 3, 4...\}$$

III. सम संख्याएँ–वे संख्याएँ जो 2 से भाज्य होती हैं, सम संख्याएँ कहलाती हैं।

$$E = \{2, 4, 6, 8, ...\}$$

IV. विषम संख्याएँ–वे संख्याएँ जो 2 से भाज्य नहीं होती हैं, विषम संख्याएँ कहलाती हैं।

$$O = \{1, 3, 5, 7, ...\}$$

V. पूर्णांक संख्याएँ–धनात्मक व ऋणात्मक चिह्न वाली संख्याओं को पूर्णांक संख्याएँ कहते हैं।

$$I = \{...-3, -2, -1, 0, 1, 2, 3...\}$$

न तो धनात्मक और न ही ऋणात्मक पूर्णांक है।

VI. अभाज्य संख्याएँ–1 से बड़ी उन सभी प्राकृत संख्याओं का समूह जिसमें उस संख्या तथा 1 को छोड़कर अन्य किसी भी संख्या से भाग देने पर वह पूर्णतः विभाजित न हो सके। अभाज्य संख्याएँ कहलाती है। '2' एक मात्र ऐसी संख्या है जो सम भी है और अभाज्य भी है।

$$P = \{2, 3, 5, 7, 11, ...\}$$

VII. परिमेय संख्याएँ–वे संख्याएँ जिनको p/q के रूप में लिखा जा सकता है जहाँ p और q पूर्णांक हैं तथा $q \neq 0$ है। इनके समूह को परिमेय संख्या (Rational Number) कहा जाता है।

$$R = \left\{.....\frac{2}{5}, \frac{1}{5}, -4, 0, 4, \frac{7}{5}\right\}$$

VIII. अपरिमेय संख्याएँ–वे संख्याएँ जिनको p/q के रूप में लिखना सम्भव न हो, ऐसी संख्याओं के समूह को अपरिमेय संख्या कहते हैं। जहाँ p और q पूर्णांक है तथा $q \neq 0$ होगा।

$$L = \{.....\sqrt{2}, \sqrt{3}, \sqrt{7}.....\}$$

IX. सहअभाज्य संख्याएँ–ऐसी दो संख्याएँ जिनका उभयनिष्ठ गुणनखंड 1 हो सह–अभाज्य संख्याएँ कहलाती हैं।

उदा. 4 या 5

X. पूर्ववर्ती संख्या–किसी संख्या से ठीक पहले की संख्या उसकी पूर्ववर्ती होती है।

उदा. : संख्या 65 की पूर्ववर्ती संख्या = 65 – 1 = 64
संख्या 127 की पूर्ववर्ती संख्या = 127 – 1 = 126

XI. अनुवर्ती संख्या–किसी संख्या से ठीक अगली संख्या उसकी अनुवर्ती (परवर्ती) संख्या होती है।

उदा. : संख्या 785 की अनुवर्ती संख्या = 785 + 1 = 786
संख्या 109 की अनुवर्ती संख्या = 109 + 1 = 110

संख्याओं का सन्निकट मान (Approximate Value of Numbers)

दैनिक जीवन में विशेष परिस्थितियों में संख्याओं के आकलन पर केवल अनुमानित मान प्रयोग किये जाते हैं। जैसे–राशन के मासिक व्यय का अनुमान, शादी में निमंत्रण पत्रों की संख्या का अनुमान, किसी व्यक्ति की उम्र का अनुमानित मान इत्यादि। इस अनुमानित मान को ही संख्याओं का सन्निकट मान कहा जाता है। संख्याओं में सन्निकट मान ज्ञात करने के लिए संख्याओं के स्थानीय मान को आधार माना जाता है। कुछ स्थानीय मानों के सन्निकट मान विभिन्न प्रकार से ज्ञात किये जाते हैं।

I. दहाई तक सन्निकट मान ज्ञात करना–किसी संख्या का दहाई तक सन्निकट मान ज्ञात करने के लिए इकाई के अंक का आकलन करते हैं। यदि इकाई का अंक 1, 2, 3 और 4 है, तो वह शून्य के अधिक निकट माना जाता है। यदि इकाई का अंक 5 या उससे अधिक है, तो दहाई के अंक में 1 अंक की वृद्धि हो जाती है तथा इकाई अंक शून्य हो जाता है।

उदा.: संख्या 9537 का दहाई अंक तक सन्निकट मान ज्ञात कीजिए।

हल : दी गई संख्या का दहाई अंक तक सन्निकट मान ज्ञात करने के लिए इकाई अंक का आकलन किया जाता है। यहाँ, चूँकि इकाई अंक 7 है, इसीलिए संख्या में इकाई अंक शून्य तथा दहाई अंक में 1 अंक की वृद्धि होती है। अतः संख्या 9537 का दहाई अंक तक सन्निकट मान 9540 होगा।

II. सैकड़ा तक सन्निकट मान ज्ञात करना–किसी संख्या का सैकड़ा तक सन्निकट मान ज्ञात करने के लिए दहाई के अंक का आकलन करते हैं। यदि दहाई का अंक 1, 2, 3 और 4 है, तो वह शून्य के अधिक निकट माना जाता है। यदि दहाई का अंक 5 या उससे अधिक है, तो सैकड़ा के अंक में 1 अंक की वृद्धि हो जाती है तथा दहाई और इकाई अंक शून्य हो जाता है।

उदा.: संख्या 7351 का सैकड़ा अंक तक सन्निकट मान ज्ञात कीजिए।

हल : दी गई संख्या का सैकड़ा अंक तक सन्निकट मान ज्ञात करने के लिए दहाई अंक का आकलन किया जाता है। यहाँ, चूँकि दहाई अंक 5 है, इसीलिए संख्या में दहाई और इकाई अंकों के स्थान पर शून्य तथा सैकड़ा अंक में 1 अंक की वृद्धि होती है। अतः संख्या 7351 का सैकड़ा अंक तक सन्निकट मान 7400 होगा।

III. हजार तक सन्निकट मान ज्ञात करना—किसी संख्या का हजार तक सन्निकट मान ज्ञात करने के लिए सैकड़ा अंक का आकलन करते हैं। यदि सैकड़ा का अंक 1, 2, 3 और 4 है, तो वह शून्य के अधिक निकट माना जाता है। यदि सैकड़ा का अंक 5 या उससे अधिक है, तो हजार के अंक में 1 अंक की वृद्धि हो जाती है तथा सैकड़ा दहाई और इकाई अंक शून्य हो जाता है।

उदा.: संख्या 53458 का हजार अंक तक सन्निकट मान ज्ञात कीजिए।

हल : चूँकि संख्या में सैकड़ा अंक 4 है, इसीलिए सैकड़ा, दहाई और इकाई अंकों के स्थान पर शून्य तथा हजार का अंक यथावत् ही रहता है। अतः संख्या 53458 का हजार अंक तक सन्निकट मान 53000 होगा।

पूर्णांक
(Integers)

संख्या रेखा पर अंकित शून्य के दोनों ओर की समस्त ऋणात्मक संख्याओं तथा धनात्मक संख्याओं के समुच्चय को पूर्णांक कहते हैं।

उदा. : $-5, -4, -3, -2, -1, 0, 1, 2, 3, 4$ तथा 5 सभी पूर्णांक संख्याएँ हैं। संख्या रेखा पर पूर्णांक संख्याओं को निम्नलिखित भाँति दर्शाया जाता है :



I. पूर्णांक संख्याओं के गुणधर्म

(i) संवृत गुणधर्म (योग, घटाव और गुणा के लिए)—किन्हीं दो पूर्ण संख्याओं का योगफल सदैव एक पूर्ण संख्या ही होती है अतः हम कह सकते हैं कि पूर्ण संख्याएँ योग के लिए संवृत होती हैं।

यदि a और b दो पूर्णांक हैं, तब $(a + b)$ और $(a * b)$ भी पूर्णांक होंगे।

उदा. :

$4 + 5 = 9$	पूर्णांक
$4 \times 5 = 20$	पूर्णांक
$4 - 5 = -1$	पूर्णांक
$4 \div 5 = \frac{4}{5}$	पूर्णांक नहीं है

स्पष्ट है कि पूर्णांक का संवृत्त नियम, भाग की संक्रिया का अनुसरण नहीं करता है।

(ii) क्रमविनिमय गुणधर्म (योग और गुणा के लिए)—यदि a और b दो पूर्णांक हैं, तब

$(a + b) = b + a$ $\qquad$ $a * b = b * a$

उदा. : $4 + 5 = 9 = 5 + 4$
$4 \times 5 = 20 = 5 \times 4$
$4 - 5 = -1 \neq 5 - 4$
$4 \div 5 = \frac{4}{5} \neq 5 \div 4$

स्पष्ट है कि पूर्णांक का क्रमविनियम गुणधर्म व्यवकलन तथा भाग की संक्रिया का अनुसरण नहीं करता है।

(iii) साहचर्य गुणधर्म (योग व गुणा के लिए)—यदि a, b और c तीन पूर्णांक हैं, तब

$(a + b) + c = a + (b + c)$
$(a * b) * c = a * (b * c)$

उदा. : $4 + (5 + 6) = 15 = (4 + 5) + 6$
$4 * (5 * 6) = 120 = (4 * 5) * 6$

(iv) वितरण या बंटन गुणधर्म (योग पर गुणा के लिए)—यदि a, b और c तीन पूर्णांक हैं, तब

$(a + b) * c = (a * c) + (b * c)$

उदा. : $(4 + 5) * 6 = (4 * 6) + (5 * 6)$
$9 * 6 = 24 + 30$
$54 = 54$

(v) तत्समक अवयव (योग व गुणा के लिए)—

योज्य तत्समक—पूर्णांकों के लिए '0' (शून्य) को योज्य तत्समक कहा जाता है, क्योंकि किसी भी संख्या में शून्य जोड़ने पर वही संख्या प्राप्त होती है।

उदा.: $4 + 0 = 4$, पूर्णांक
$5 + 0 = 5$, पूर्णांक

(vi) गुणानात्मक तत्समक—'1' को गुणनात्मक तत्समक कहा जाता है। क्योंकि किसी भी संख्या में 1 से गुणा करने पर वही संख्या प्राप्त होती है।

उदा.: $4 \times 1 = 4$, पूर्णांक
$5 \times 1 = 5$, पूर्णांक

II. पूर्णांकों का गुणन

(i) धनात्मक पूर्णांक का ऋणात्मक पूर्णांक से गुणन—

$3 \times 4 = 4 + 4 + 4 = 12$
$3 \times (-4) = (-4) + (-4) + (-4) = -12$

इस विधि का उपयोग करते हुए हमने पाया कि धनात्मक पूर्णांक को ऋणात्मक पूर्णांक से गुणा करने पर ऋणात्मक पूर्णांक प्राप्त होता है, परन्तु क्या होता है जब ऋणात्मक पूर्णांक को धनात्मक पूर्णांक से गुणा करते हैं ?

$(-3) \times 4 = -12 = 3 \times (-4)$ इसी प्रकार हम $(-5) \times 3 = -15 = 3 \times (-5)$ भी प्राप्त कर सकते हैं।

(ii) दो ऋणात्मक पूर्णांकों का गुणन—दो ऋणात्मक पूर्णांकों का गुणनफल एक धनात्मक पूर्णांक होता है। हम दो ऋणात्मक पूर्णांकों को पूर्ण संख्याओं के रूप में गुणा करते हैं तथा गुणनफल के पूर्व में (+) का चिह्न लगाते हैं।

उदा.: $(-10) \times (-14) = 140$, $(-5) \times (-6) = 30$
व्यापक रूप में दो धनात्मक पूर्णांकों a तथा b के लिए
$(-a) \times (-b) = a \times b$

(iii) शून्य से गुणन—किसी भी पूर्णांक को शून्य से गुणा करने पर शून्य प्राप्त होता है। व्यापक रूप में हम कह सकते हैं कि किसी भी पूर्णांक a के लिए

$$\boxed{a \times 0 = 0 = 0 \times a}$$

संख्याओं का विभाजकता नियम
(Divisibility Rule of Numbers)

I. 2 से विभाजकता : यदि किसी संख्या का इकाई अंक 0, 2, 4, 6, 8 में से हो, तो वह संख्या 2 से विभाज्य होती है।

II. 3 से विभाजकता : यदि किसी संख्या के सभी अंकों का योग, 3 से विभाज्य है, तो वह संख्या भी 3 से विभाजित होती है।

III. 4 से विभाजकता : यदि किसी संख्या के अन्तिम दो अंकों का युग्म, 4 से विभाज्य है, तो वह संख्या भी 4 से विभाजित होती है।

IV. 5 से विभाजकता : यदि संख्या का इकाई अंक 0 अथवा 5 है, तो वह संख्या 5 से पूर्णतया विभाजित होती है।

V. 6 से विभाजकता : यदि संख्या 2 तथा 3 से पूर्णतया विभाज्य है, तो वह संख्या 6 से भी पूर्णतया विभाजित होती है।

VI. 7 से विभाजकता : संख्या का इकाई अंक लेकर उसका दोगुना करें। फिर प्राप्त संख्या को मूल संख्या के शेष अंकों में से घटायें। यदि प्राप्त नयी संख्या शून्य (0) अथवा 7 से विभाजित होने वाली संख्या है, तो मूल संख्या भी 7 से विभाजित होगी।

VII. 8 से विभाजकता : संख्या के अन्तिम तीन अंकों का युग्म, यदि 8 से विभाज्य है, तो वह संख्या भी 8 से विभाजित होगी।

VIII. 9 से विभाजकता : यदि संख्या के सभी अंकों को योग, 9 से विभाजित है, तो वह संख्या भी 9 से विभाजित होगी।

IX. 11 से विभाजकता : यदि संख्या में सम स्थानों पर अंकों के योग तथा विषम स्थानों पर अंकों के योग का अन्तर, 11 से विभाज्य है, तो संख्या भी 11 से विभाज्य होगी।

गुणात्मक प्रतिलोम (Multiplicative Inverse)

किसी भी संख्या का गुणात्मक प्रतिलोम वह संख्या होती है, जिसका दिए गए संख्या में गुणा करने पर 1 प्राप्त हो।

उदा. -7 का गुणात्मक प्रतिलोम $= \frac{-1}{7}$

6 का गुणात्मक प्रतिलोम $= \frac{1}{6}$

संख्याओं में भाग संक्रिया (Division Operations in Numbers)

- भाज्य = भाजक × भागफल + शेषफल, जहाँ $0 \le$ शेषफल $<$ भाजक
- शेषफल = भाज्य – भाजक × भागफल
- भाजक = (भाज्य – शेषफल)/भागफल
- भागफल = (भाज्य – शेषफल)/भाजक

इकाई का अंक ज्ञात करना (To Find Unit's Digit)

संख्याओं के गुणनफल में तथा संख्या के घातांकीय रूप में इकाई का अंक ज्ञात करने की निम्नलिखित विधि हैं–

I. संख्याओं के गुणनफल में–संख्याओं के गुणनफल में इकाई का अंक ज्ञात करने के लिए सभी संख्याओं के इकाई अंकों का गुणनफल ज्ञात करते हैं। प्राप्त गुणनफल का इकाई अंक, दी गई संख्याओं के गुणनफल में प्राप्त इकाई के अंक के बराबर होता है।

उदा. : $786 \times 78 \times 687$ के गुणनफल में इकाई का अंक ज्ञात करो।

हल : यहाँ $786 \times 78 \times 687$ में सभी संख्याओं के इकाई अंकों का गुणनफल करते हैं।

$= 6 \times 8 \times 7$ में इकाई का अंक

$= 336$ में इकाई का अंक $= 6$

अतः दिए गए गुणनफल में इकाई का अंक 6 होगा।

II. घातांकीय संख्याओं में–

(i) विषम संख्याओं के लिए–

5 को छोड़कर जब इकाई का अंक एक विषम संख्या हो तब,

$(\times\times\times 1)^n = (\times\times\times 1)$

$(\times\times\times 3)^{4n} = (\times\times\times 1)$

$(\times\times\times 7)^{4n} = (\times\times\times 1)$

$(\times\times\times 9)^n = (\times\times\times 1)$, यदि n एक सम संख्या है।

$= (\times\times\times 9)$, यदि n एक विषम संख्या है।

उदा. : $(27)^{43}$ में इकाई का अंक ज्ञात कीजिए।

हल : $(27)^{43}$ में इकाई का अंक

$= (7)^{43}$ में इकाई का अंक

$= (7)^{4 \times 10 + 3}$ में इकाई का अंक

$= (7)^3$ में इकाई का अंक

$= 3$

(ii) सम संख्याओं के लिए–

$(\times\times\times 2)^{4n} = (\times\times\times 6)$

$(\times\times\times 4)^{2n} = (\times\times\times 6)$

$(\times\times\times 6)^n = (\times\times\times 6)$

$(\times\times\times 8)^{4n} = (\times\times\times 6)$

उदा. : $(44)^{69}$ में इकाई अंक ज्ञात कीजिए।

हल : $(44)^{69}$ में इकाई का अंक

$= (4)^{69}$ में इकाई का अंक

$= (4)^{2 \times 34 + 1}$ में इकाई का अंक

$= (6 \times 4)$ में इकाई का अंक $= 4$

नोट : संख्या में यदि इकाई का अंक 0, 1, 5 तथा 6 होने पर उनकी घातांकीय संख्या में भी अंक क्रमशः 0, 1, 5 तथा 6 ही होगा।

महत्वपूर्ण तथ्य (Important Facts)

- 1 से n तक की प्राकृतिक संख्याओं का योगफल $= \frac{n(n+1)}{2}$
- प्रथम n सम संख्याओं का योगफल $= n(n+1)$
- प्रथम n विषम संख्याओं का योगफल $= n^2$
- प्रथम n प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योगफल

$$(s) = \frac{n(n+1)(2n+1)}{6}$$

भाजक) भाज्य (भागफल
शेषफल

उदा. : प्रथम 12 प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योगफल क्या होगा?

- 1 से n तक की सम संख्याओं के वर्गों का योग

$$= \frac{n(n+1)(n+2)}{6}$$

- 1 से n तक की विषम संख्याओं के वर्गों का योग

$$= \frac{n(n+1)(n+2)}{6}$$

- प्रथम n प्राकृत संख्याओं के घनों का योगफल

$$(s) = \left[\frac{n(n+1)}{2}\right]^2$$

- n अंकों वाली कुल संख्याएँ $= 9 \times 10^{n-1}$

नोट :

- दो विषम संख्याओं का योगफल तथा अन्तर सदैव सम संख्या होती है।
- दो सम संख्याओं का योगफल तथा अन्तर सदैव सम संख्या होती है।
- एक सम तथा एक विषम संख्याओं का योगफल तथा अन्तर सदैव विषम संख्या होती है।
- दो सम संख्याओं का गुणनफल सदैव सम संख्या होती है।
- दो विषम संख्याओं का गुणनफल सदैव विषम संख्या होती है।
- एक सम तथा एक विषम संख्याओं का गुणनफल सदैव सम संख्या होती है।
- दो परिमेय संख्याओं का योगफल, अन्तर तथा गुणनफल सदैव परिमेय संख्या होती है।
- एक परिमेय तथा एक अपरिमेय संख्या का योगफल, अन्तर, गुणनफल और भागफल एक अपरिमेय संख्या होती है।

Paper Pakka Fasega!

महत्वपूर्ण अभ्यास प्रश्न

1. कोई प्राकृतिक संख्या m के लिए, गुणनफल $m(m+2)(m+4)$ हमेशा विभाजित होगा–

(A) 3 से (B) 5 से

(C) 7 से (D) 2 से

2. यदि दो धनात्मक संख्याओं का समान्तर माध्य तथा गुणोत्तर माध्य क्रमशः 5 तथा 3 है, तो संख्याएँ ज्ञात करो–

(A) 9, 1 (B) 4, 16

(C) 4, 8 (D) 2, 4

3. $(49)^{15} - 1$ किस संख्या से पूर्णतः विभाजित है?

(i) 50 (ii) 48

(iii) 29 (iv) 8

(A) (ii) और (iv) (B) (iii) और (iv)

(C) (i) और (iii) (D) (i) और (ii)

4. यदि 13^{50} को 14 से भाग दिया जाए, तो शेषफल है–

(A) 13 (B) 12

(C) 1 (D) – 1

5. यदि $a, a+2, a+4$ अभाज्य संख्याएँ हों, तो a के कितने मान हैं ?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) तीन से अधिक

6. यदि $(29)^{75}$ को 28 से विभाजित किया जाए, तो शेषफल होगा–

(A) 0 (B) 1

(C) 29 (D) 7

7. दो प्राकृतिक संख्याओं का अन्तर सदैव होता है–

(A) एक पूर्णांक

(B) एक प्राकृतिक संख्या

(C) एक सम्पूर्ण संख्या

(D) एक धनात्मक संख्या

8. $\dfrac{519\times519-81\times81}{519\times519+2\times519\times81+81\times81}$ बराबर है–

(A) $\dfrac{73}{200}$ (B) $\dfrac{73}{100}$

(C) $\dfrac{100}{78}$ (D) $\dfrac{200}{73}$

9. $\left(1-\dfrac{1}{2}\right)\left(1-\dfrac{1}{3}\right)\left(1-\dfrac{1}{4}\right)$

$\ldots\left(1-\dfrac{1}{n-1}\right)\left(1-\dfrac{1}{n}\right)$ का मान होगा–

(A) $\dfrac{n}{n+1}$ (B) $\dfrac{1}{5n}$

(C) $\dfrac{1}{3n}$ (D) $\dfrac{1}{n}$

10. $2 + 22 + 222 + 2222 + \ldots\ldots$ का n पदों तक योग है–

(A) $\dfrac{2}{9}\left[\dfrac{10}{9}(10^n-1)-n\right]$

(B) $\dfrac{9}{2}\left\{\dfrac{10}{9}(10^n-1)+n\right\}$

(C) $\dfrac{9}{2}\left\{\dfrac{10}{9}(10^n-1)-n^2\right\}$

(D) $\dfrac{9}{2}\left\{\dfrac{10}{9}(10^n-1)+n^2\right\}$

11. 100 और 200 के बीच आने वाली उन संख्याओं का योग जो 9 से विभाज्य हो, होगा–

(A) 1665 (B) 1674

(C) 1683 (D) 1692

12. यदि $\log_{10} a + \log_{10} b = \log_{10}(a+b)$, तो a, b के मान निम्न तरह से सम्बन्धित हैं–

(A) $a = b = 1$ (B) $a = b = 3$

(C) $b = \dfrac{a}{1+a}$ (D) $a = \dfrac{b}{b-1}$

13. एक कक्षा में 75% अंग्रेजी में, 60% गणित में उत्तीर्ण होते हैं और 20% दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं। उत्तीर्ण प्रतिशत है–

(A) 55% (B) 65%

(C) 67.5% (D) 68.2%

14. $\dfrac{8.9\times8.9\times8.9-3.7\times3.7\times3.7}{8.9\times8.9+8.9\times3.7+3.7\times3.7}$

बराबर है–

(A) 1 (B) 5.2

(C) 12.6 (D) 8.9×3.7

15. यदि $x = 22^3 + 144^3 - 166^3$, तो x अवश्य विभाज्य है–

(A) 7 और 12 दोनों से

(B) 11 और 13 दोनों से

(C) 11 और 23 दोनों से

(D) 12 और 83 दोनों से

16. यदि $a * b = (a \times b) + b$ है, तो $5 * 7$ बराबर है–

(A) 35 (B) 42

(C) 12 (D) 59

17. $\left(1-\dfrac{1}{5}\right)\left(1-\dfrac{1}{6}\right)\left(1-\dfrac{1}{7}\right)$

$\ldots\left(1-\dfrac{1}{100}\right)$ का मान है–

(A) $\dfrac{1}{25}$ (B) $\dfrac{1}{50}$

(C) 0 (D) $\dfrac{1}{100}$

18. यदि $0 < x < 1$ हो, तो यह सत्य है कि–

(A) $x^{100} > x^{101}$ (B) $x^{100} > 1$

(C) $x^{100} < x^{101}$ (D) $x^{101} > 1$

❑❑

अध्याय 1

मात्रक एवं मापन (Units and Measurement)

परिचय (Introduction)

- ज्ञान का एक व्यवस्थित और क्रमबद्ध अध्ययन ही विज्ञान कहलाता है।
- इसे आमतौर पर प्राकृतिक विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में विभाजित किया जाता है।



भौतिक विज्ञान की महत्वपूर्ण शाखाएँ (Important Branches of Physics)

भौतिक विज्ञान की शाखाएँ	अध्ययन
ऊष्मागतिकी	ऊष्मा की प्रकृति तथा उसके संचरण एवं प्रभावों का अध्ययन
प्रकाशिकी	प्रकाश के उत्पादन, प्रकृति, संचरण और उत्पन्न प्रभावों का अध्ययन
वैद्युतिकी	विद्युत् आवेश के उत्पादन, संचरण, प्रकृति तथा उत्पन्न प्रभावों का अध्ययन
परमाणु भौतिकी	परमाणु की संरचना एवं गुणों का अध्ययन
रेडियोलॉजी	विभिन्न विकिरणों एवं रेडियोएक्टिव पदार्थों तथा मानव शरीर पर इनके प्रभावों का अध्ययन
मेटालोग्राफी	धातुओं की संरचना एवं गुणों का अध्ययन
मेटलर्जी (धातुकर्म विज्ञान)	अयस्कों से धातुओं के निष्कर्षण की विधियों का अध्ययन
एस्ट्रोनॉटिक्स	अन्तरिक्ष यात्रा से सम्बन्धित विषयों का अध्ययन

भौतिक विज्ञान की शाखाएँ	अध्ययन
होलोग्राफी	लेजर किरणों द्वारा किसी वस्तु का त्रिविमीय चित्र प्राप्त करने की विधियों का अध्ययन
द्रवगतिकी	गतिशील द्रव पर कार्य करने वाले बल, दाब तथा उसकी ऊर्जा का अध्ययन
द्रवस्थैतिकी	स्थिर द्रवों में बल, दाब तथा उनके प्रभावों का अध्ययन
सीस्मोलॉजी	भूकम्पों का अध्ययन
सेलेनोलॉजी	चंद्रमा की संरचना, गति एवं स्थिति का अध्ययन
साइबरनेटिक्स	विभिन्न तंत्रों में हो रही प्रक्रियाओं के नियंत्रण एवं क्रियाविधियों का अध्ययन
क्रोनोलॉजी	समय तथा अवधि का अध्ययन
ट्राईबोलॉजी	सापेक्ष गतिशील सतहों के मध्य लगने वाले बलों का अध्ययन
हारोलॉजी	समय का मापन
सूक्ष्म यांत्रिकी	अति सूक्ष्म कणों की गति तथा व्यवहार का अध्ययन
क्रायोजेनिक्स (निम्न तापिकी)	निम्न ताप उत्पन्न करने की विधियों तथा इस ताप पर पदार्थों के गुणों का अध्ययन
क्रिस्टोलॉजी	एक्स–किरणों की सहायता से क्रिस्टलों की परमाणु संरचनाओं का अध्ययन
स्पेक्ट्रोस्कोपी	विभिन्न पदार्थों के वर्णक्रम के आधार पर उनकी आतंरिक संरचना का अध्ययन
रीयोलॉजी	किसी पदार्थ के विरूपण तथा प्रवाह का अध्ययन

भौतिक राशियाँ, मापन एवं मात्रक (Physical Quantities, Measurement & Units)

I. भौतिक राशियाँ

- यह एक ऐसी राशि है, जिसे मापा जा सकता है। भौतिक राशियों को दो भागों में बाँटा जा सकता है—मूल राशियाँ और व्युत्पन्न राशियाँ।
- वे राशियाँ जिन्हें किसी अन्य भौतिक राशि के रूप में व्यक्त नहीं किया जा सकता है, मूल राशियाँ कहलाती हैं। उदाहरण—लंबाई, द्रव्यमान, समय और तापमान आदि।
- वे राशियाँ जिन्हें कुछ अन्य राशियों के रूप में व्यक्त किया जा सकता है, व्युत्पन्न राशियाँ कहलाती हैं। उदाहरण—क्षेत्रफल, आयतन और घनत्व आदि।

II. मापन

- मापन दी गई भौतिक राशि तथा उसकी प्रकृति की ज्ञात मानक राशि की तुलना करने की एक प्रक्रिया है।
- किसी भी भौतिक राशि को मापने के लिए दो चीजों की आवश्यकता होती है अर्थात् संख्यात्मक मान और उसका मात्रक।

  भौतिक राशि = संख्यात्मक मान × इसका मात्रक

III. मात्रक

- एक मात्रक वह मानक राशि है जिसके साथ अज्ञात राशियों की तुलना की जाती है। इसे एक भौतिक राशि के विशिष्ट परिमाण के रूप में परिभाषित किया गया है जिसे किसी विधि या सम्मेलन द्वारा अपनाया गया है। उदाहरण के लिए, 'फीट', लंबाई को मापने का मात्रक है। अतः हमारे पूर्वजों ने लंबाई मापने के लिए मुज़हम, फर्लांग (660 फीट), मील (5280 फीट) जैसी इकाइयों का इस्तेमाल भी किया था।
- **मूल मात्रक**—मूल मात्रक वह है जो किसी अन्य मात्रक से स्वतंत्र है या जिसे किसी अन्य मूल मात्रक से न तो बदला जा सकता है और न ही सम्बद्ध किया जा सकता है। वर्तमान में सात (07) मूल मात्रक और दो (02) पूरक मात्रक हैं। इनका उल्लेख नीचे किया गया है—

मूल मात्रक

क्र. सं.	राशि	मात्रक	संकेत
01.	लम्बाई	मीटर	m
02.	द्रव्यमान	किलोग्राम	kg
03.	समय	सेकण्ड	s
04.	तापमान	केल्विन	K
05.	ज्योति तीव्रता	कैंडेला	Cd
06.	विद्युत् धारा	ऐम्पियर	A
07.	पदार्थ की मात्रा	मोल	mol
08.	समतल कोण	रेडियन	rad
09.	ठोस कोण	स्टेरेडियन	sr

राशि	मात्रक	संकेत	राशि	मात्रक	संकेत
त्वरण	मीटर/वर्ग सेकण्ड^2	m/s^2	तरंगरदैर्ध्य	एंगस्ट्रॉम	Å
चाल	मीटर/सेकण्ड	m/s	संवेग	किलोग्राम/मीटर	kgm/s
कोणीय वेग	रेडियन/सेकण्ड	Rad/s	आवेग	न्यूटन-सेकण्ड	Ns
पृष्ठ तनाव	न्यूटन/मीटर	N/m	विद्युत् प्रतिरोध	ओम	Ω
विद्युत् आवेश	कूलॉम	C	विद्युत् धारिता	फैराडे	F
खगोलीय दूरी	प्रकाश वर्ष	m			

परीक्षा बिन्दु

- मेगावाट विद्युत का (MW) एक बड़ा मात्रक है जिसका उपयोग उत्पादित बिजली को मापने के लिए किया जाता है।
- समुद्री मील (Noticalmile) का उपयोग महासागरों में दूरियों को मापने के लिए किया जाता है। 1 समुद्री मील का मान 1.8 किमी के बराबर होता है।
- जहाज की गति मापने का मात्रक नॉट (Knot) है। 1 नॉट का मान 1.852 किमी/घंटा होता है।
- विभवान्तर का मात्रक वोल्ट है।
- शक्ति का मात्रक अश्व शक्ति (हॉर्स पावर) भी होता है। जिसे बड़े उपकरणों के परिमाण निकालने के लिए उपयोग किया जाता है। 1 अश्वशक्ति का मान 746 वाट होता है।
- मैक, उच्च गति का मात्रक है। 1 मैक का मान ध्वनि की गति (332 मीटर प्रति सेकण्ड) के बराबर होता है।
- पास्कल (N/m^2) दाब का मात्रक है।
- डेसिबल (dB) ध्वनि की तीव्रता का मात्रक है।
- वायुमंडलीय दबाव को बार में मापा जाता है। 1 बार = 76 मिमी पारे का स्तर = 105 N/m^2
- 1 बार = 10^6 डाइन/सेमी^{2} = 1.02 किग्रा/सेमी^{2} = 100000 (10^3) पास्कल

- बिट 1024 बिट = 1 बाइट, बाइट डिजिटल सूचना का मात्रक है।
- रिक्टर, भूकंपीय तीव्रता का मात्रक है।
- डॉबसन, ओजोन परत की मोटाई का मात्रक है।
- 1 डॉबसन मात्रक = 2.69×10^{20} ओजोन अणु प्रति वर्ग मीटर
- क्यूसेक (घन फीट प्रति सेकण्ड) तरल पदार्थ के प्रवाह का मात्रक है। 1 क्यूसेक का मान 28.317 लीटर प्रति सेकण्ड के बराबर होता है।
- सेंटीमीटर को 0.39 से गुणा करने पर हमें एक इंच मिलता है।
- रिक्टर पैमाना भूकंप द्वारा उत्पादित ऊर्जा को मापने के लिए एक परिमाण संख्या प्रदान करता है।
- 1 डॉबसन यूनिट (DU), 0.01 मिमी के बराबर है।
- रिएक्टर स्केल युनिया में एक मात्र पैमाना है जिसकी अगली संख्या पहले की संख्या का 10 गुना प्रदर्शित करती है।

मात्रकों की प्रणालियाँ (Systems of Units)

- मात्रकों की चार प्रणालियाँ होती हैं–

MKS प्रणाली–इस प्रणाली में लंबाई, द्रव्यमान और समय के मात्रक क्रमशः मीटर (m), किलोग्राम (kg) और सेकण्ड (s) हैं।

CGS प्रणाली–इस प्रणाली में लंबाई, द्रव्यमान और समय के मात्रक क्रमश–सेंटीमीटर (cm), ग्राम (g) और सेकण्ड (s) हैं।

FPS प्रणाली–इस प्रणाली में लंबाई, द्रव्यमान और समय के मात्रक क्रमशः फुट/फीट (ft), पाउंड (lbs) और सेकण्ड (s) हैं।

SI प्रणाली (सिस्टम इंटरनेशनल डी यूनिट्स)–वर्ष 1960 में जनरल कान्फ्रेंस ऑन वेट एंड मेजर्स (General Conference on Weight and Measures) ने सिफारिश की कि लंबाई, द्रव्यमान और समय के मात्रकों के अलावा तापमान, ज्योति तीव्रता, विद्युत् धारा तथा पदार्थ की मात्रा के मात्रकों को भी मूल मात्रकों के रूप में लिया जा सकता है। समतल कोण और ठोस कोण के मात्रक पूरक मात्रक के रूप में ही लिए गए।

मात्रक पूर्वलग्न (Units Prefixes)

मात्रकों के अपवर्त्यों और अपवर्तकों के SI पूर्वलग्न

अपवर्त्य	पूर्वलग्न	प्रतीक	अपवर्तक	पूर्वलग्न	प्रतीक
10^{24}	योटा	Y	10^{-1}	डेसी	d
10^{21}	जेटा	Z	10^{-2}	सेन्टी	c
10^{18}	एक्जा	E	10^{-3}	मिली	m
10^{15}	पेटा	P	10^{-6}	माइक्रो	μ
10^{12}	टेरा	T	10^{-9}	नैनो	n
10^{9}	गिगा	G	10^{-12}	पिको	p
10^{6}	मैगा	M	10^{-15}	फेमटो	f
10^{3}	किलो	k	10^{-18}	एटो	a
10^{2}	हेक्टो	h	10^{-21}	जेपटो	z
10^{1}	डेका	da	10^{-24}	योक्टो	y

अदिश और सदिश राशि (Scalar and Vector Quantities)

- भौतिक राशियों को दो श्रेणियों अर्थात् अदिश और सदिश राशियों में बाँटा गया है।
  - **अदिश राशियाँ**–वे भौतिक राशियाँ जो केवल उनके परिमाण या आकार द्वारा पूरी तरह से निर्दिष्ट होती हैं, अदिश राशियाँ कहलाती हैं। इन राशियों की कोई दिशा नहीं होती है। उदाहरण –लंबाई, द्रव्यमान, समय, आयतन, घनत्व, तापमान, गति, विद्युत धारा, कार्य, शक्ति, ऊर्जा और विद्युत क्षमता आदि।
  - **सदिश राशियाँ**–ये वे भौतिक राशियाँ हैं, जिनमें परिमाण और दिशा दोनों होते हैं। ये सदिश योग का नियम जैसे–त्रिभुज के नियम का पालन करती हैं। उदाहरण– विस्थापन, वेग, त्वरण, बल, रैखिक संवेग, आवेग, बलाघूर्ण, कोणीय संवेग, विद्युत क्षेत्र और चुंबकीय क्षेत्र आदि।

मापन और मापन उपकरण (Measurement and Measuring Instruments)

वर्नियर कैलीपर्स

- वर्नियर कैलीपर्स एक ऐसा उपकरण है जिसका उपयोग ऐसी गोलाकार वस्तुओं (जैसे–क्रिकेट बॉल और पेन कैप जैसी खोखली वस्तुएँ) के व्यास को मापने के लिए किया जाता है जिनको मीटर पैमाने से नहीं मापा जा सकता है।

मापन के उपकरण और पैमाने (Measuring Instruments and their Scales)

क्र. सं.	उपकरण एवं पैमाने	विवरण
1.	**एक्यूमुलेटर**	यह विद्युत ऊर्जा संग्रह करने का यंत्र है।
2.	**अल्टीमीटर**	यह उड़ते हुये विमान की ऊँचाई मापने का यंत्र है। ऊँचाई बढ़ने पर वायुदाब से होने वाली कमी के आधार पर यह कार्य करता है।
3.	**एयरोमीटर**	यह वायु व गैस का भार व घनत्व मापने वाला यंत्र है।
4.	**एक्सेलेरोमीटर**	यह गतिमान वाहनों की गति में वृद्धि की दर (त्वरण) मापने का यंत्र है।
5.	**एनीमोमीटर**	यह बहते वायु की गति व शक्ति मापने का यंत्र है।

क्र. सं.	उपकरण एवं पैमाने	विवरण
6.	**अमीटर**	यह विद्युत धारा की तीव्रता मापने वाला यंत्र है।
7.	**ऑडियोमीटर**	यह ध्वनि की तीव्रता मापने का यंत्र है।
8.	**आडियोफोन**	यह एक श्रवण सहायक यंत्र है जिसे कम सुनने वाले व्यक्ति अपने कान में लगाते हैं।
9.	**बैरोमीटर**	यह वायुमण्डलीय दाब मापने वाला यंत्र है।
10.	**बैरोग्राफ**	(वायुदाब लेखी) यह वायुमण्डलीय दाब में होने वाले परिवर्तनों को रीडिंग के रूप में अंकित करने वाला यंत्र है।
11.	**बोलोमीटर**	यह ऊष्मीय विकिरण को मापने वाला यंत्र है।
12.	**वर्नियर कैलीपर्स**	यह गोलीय वस्तुओं की व्यास व गहराई मापने वाला यंत्र है।
13.	**कार्बोरेटर/ कार्ब्युरेटर**	यह पेट्रोल से चालित अंतर्दहन इंजनों में प्रयुक्त होने वाला उपकरण है।
14.	**क्रोयोमीटर**	यह निम्न ताप मापने वाला यंत्र है। जिससे 0°C के ताप को मापा जाता है।
15.	**डायनेमो**	यह यंत्र यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत् ऊर्जा में परिवर्तित करता है इसका प्रयोग विद्युत जेनरेटर में होता है।
16.	**घनत्वमापी**	यह किसी पदार्थ के घनत्व को मापता है।
17.	**डायस्कोप**	यह अपारदर्शी चित्रों का पर्दे पर प्रतिबिम्ब प्राप्त करने का कार्य करता है।
18.	**साइटोट्रॉन**	यह कृत्रिम मौसम उत्पन्न करने वाला यंत्र है।
19.	**आवेशमापी**	यह विद्युत आवेश मापने वाला यंत्र है।
20.	**फैदोमीटर**	यह समुद्र नदी की गहराई मापने वाला यंत्र है।
21.	**गैल्वेनोमीटर**	यह किसी परिपथ में धारा की दिशा व विभवान्तर मापने वाला यंत्र है।
22.	**ग्रामोफोन**	यह रिकॉर्डेड ध्वनियों को पुनः सुनने के काम आने वाला यंत्र है।
23.	**गाइरोस्कोप**	यह घूर्णन गति मापने वाला यंत्र है।
24.	**ग्रेवीमीटर**	यह पानी में तेल की मात्रा मापने वाला यंत्र है।
25.	**हाइड्रोमीटर**	यह किसी द्रव का सापेक्षिक घनत्व (Relative Density) मापता है।
26.	**हाइड्रोफोन**	यह जल के भीतर ध्वनि मापता है।
27.	**हाइग्रोमीटर**	यह वायुमण्डलीय आर्द्रता मापने का यंत्र है।
28.	**लैक्टोमीटर**	इससे किसी द्रव का सापेक्षिक घनत्व मापा जाता है। इसी आधार पर इससे दूध की शुद्धता (मिलाये गये जल की मात्रा) ज्ञात की जाती है।

क्र. सं.	उपकरण एवं पैमाने	विवरण
29.	**तड़ित चालक**	इससे आकाशीय बिजली (तड़ित) से भवनों की सुरक्षा हेतु भवन के ऊपर लगाया जाता है। यह तड़ित आवेश को भू–संपर्कित कर देता है।
30.	**मैकमीटर**	यह चुम्बकीय क्षेत्र मापने वाला यंत्र है।
31.	**दाबमापी**	इससे गैसों का दाब मापा जाता है।
32.	**माइक्रोमीटर**	यह अतिसूक्ष्म मोटाई/लम्बाई मापने वाला यंत्र है जो मिलीमीटर के हजारों भाग तक की मोटाई/लम्बाई माप सकता है।
33.	**ओडोमीटर**	यह किसी वाहन द्वारा तय की गई दूरी मापने का यंत्र है।
34.	**ओममीटर**	यह विद्युत प्रतिरोध को मापने का यंत्र है।
35.	**ओण्डोमीटर**	यह विद्युत चुम्बकीय तरंगों की आवृत्ति मापने वाला यंत्र है।
36.	**पेरिस्कोप**	यह पानी के अन्दर रहकर पानी के बाहर की सतह का दृश्य देखने के काम आता है। इसका प्रयोग पनडुब्बियों में किया जाता है।
37.	**पाइरोमीटर**	यह सुदूर स्थित उच्च ताप युक्त पिण्डों का ताप ज्ञात करने का यंत्र है। सूर्य का ताप इसकी सहायता से ज्ञात किया जा सकता है।
38.	**फोनोमीटर**	यह ध्वनि की तीव्रता मापने का यंत्र है।
39.	**फोटोमीटर**	यह विभिन्न प्रकाश स्रोतों की तीव्रता की तुलना करने वाला उपकरण है।
40.	**पोलीग्राफ**	यह झूठ जाँचने वाला यंत्र है। इसे 'Lie Detector' के नाम से भी जाना जाता है।
41.	**रडार**	इसकी सहायता से दूर स्थित वस्तुओं, प्रायः वायुयानों, युद्धक विमानों की दूरी व स्थिति को ज्ञात किया जा सकता है।
42.	**रेडियेटर**	यह स्वचालित वाहनों के इंजन को ठण्डा रखने वाला यंत्र है।
43.	**रेनगेज**	इसकी सहायता से किसी स्थान पर किसी निश्चित समय में हुई वर्षा का मापन किया जाता है।
44.	**रिफ्रैक्टोमीटर**	इसकी सहायता से किसी वस्तु का अपवर्तनांक मापा जाता है।
45.	**स्क्रूगेज**	इसकी सहायता से 1 mm से कम व्यास वाले वस्तुओं की मोटाई मापी जाती है।
46.	**सीस्मोग्राफ**	इसकी सहायता से भूकम्प की तीव्रता मापी जाती है।
47.	**स्पेक्ट्रोस्कोप**	यह विद्युत चुम्बकीय तरंगों के स्पेक्ट्रम को मापने का कार्य करता है।

क्र. सं.	उपकरण एवं पैमाने	विवरण
48.	**स्फेरोमीटर**	यह किसी चक्रीय पृष्ठ की वक्रता मापने का यंत्र है।
49.	**टेलीस्कोप**	यह दूर स्थित वस्तुओं या पिंडों को देखने वाला यंत्र है।
50.	**थर्मोस्टेट**	यह किसी ताप को स्थिर बनाये रखने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण है। इसका प्रयोग प्रायः प्रशीतकों (रेफ्रीजरेटर) में होता है।
51.	**ट्रान्सफॉर्मर**	यह विद्युत विभव को कम या अधिक करने वाला यंत्र है।
52.	**वेवमीटर**	यह किसी विद्युत चुम्बकीय तरंग का तरंगदैर्घ्य मापने का यंत्र है।

महत्वपूर्ण तथ्य

- सोनार (साउंड नेविगेशन और रेंजिंग) का उपयोग जलमग्न वस्तुओं की गहराई को मापने के लिए किया जाता है।
- उच्च तापमान को मापने के लिए पाइरोमीटर का उपयोग किया जाता है। इन्हें विकिरण तापमापी भी कहा जाता है।
- पूर्ण विकिरण तापमापी का उपयोग 2000°C तापमान मापने के लिए किया जाता है।
- सौर विकिरण को मापने के लिए पायरो हेलियोमीटर का उपयोग किया जाता है।
- ब्यूटिरोमीटर का प्रयोग दूध में वसा की मात्रा मापने के लिए किया जाता है।
- रासायनिक और भौतिक परिवर्तनों के कारण मिश्रण के आयतन में परिवर्तन को मापने के लिए यूडियोमीटर का उपयोग किया जाता है।
- थर्मोरेसिस्टर (ताप प्रतिरोधक) एक इलेक्ट्रॉनिक तापमापी है और यह उपकरण के तापमान में परिवर्तन के साथ अपने प्रतिरोध को बदलता है।
- गीजर काउंटर एक कण डिटेक्टर है जो रेडियोधर्मिता या विकिरण का पता लगाता है।
- गाइरोस्कोप घूमने वाली डिस्क है जिसमें घूर्णन की धुरी किसी भी अभिविन्यास को ग्रहण करने के लिए स्वतंत्र है।

महत्वपूर्ण अभ्यास प्रश्न

1. एक एंगस्ट्राम का मान होता है–
(A) 10^{-4} माइक्रॉन (B) 10^{-6} माइक्रॉन
(C) 10^{-10} माइक्रॉन (D) 10^{-2} माइक्रॉन

2. एक नैनोमीटर बराबर होता है–
(A) 10^{-7} सेमी. के (B) 10^{-8} सेमी. के
(C) 10^{-6} मी. के (D) 10^{-9} मी. के

3. एस्फिग्मोमैनोमीटर का उपयोग निम्नलिखित में से किसको मापने के लिए किया जाता है ?
(A) आर्द्रता (B) हवा
(C) विद्युत प्रवाह (D) रक्तचाप

4. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी सदिश राशियाँ (vector quantities) हैं?
(A) शक्ति, संवेग, ऊर्जा, चाल और कार्य
(B) बल, वेग, संवेग, भार और त्वरण
(C) बल, वेग, संवेग, ऊर्जा और शक्ति
(D) बल, वेग, संवेग, ऊर्जा और त्वरण

5. प्रकाश की तरंगदैर्ध्य को मापने की इकाई क्या है?
(A) फैराडे (B) कैन्डेला
(C) डाइन (D) ऐंग्स्ट्राम

6. चाल व ..... की इकाइयाँ समान होती हैं।
(A) आवेग (B) बल
(C) त्वरण (D) वेग

7. एक जूल में लगभग कितनी कैलोरी होती है?
(A) 0.24 (B) 0.48
(C) 0.72 (D) 0.96

8. एक बैरल (यूएस, तेल) में लगभग कितने लीटर होते हैं ?
(A) 190 लीटर (B) 109 लीटर
(C) 159 लीटर (D) 169 लीटर

9. यदि एक भौतिक मात्रा की इकाई है–एम्पीयर प्रति वर्ग मीटर, तो उसकी विमाएँ क्या होंगी ?
(A) $[AL^{-2}]$ (B) $[IM^{-2}]$
(C) $[IL^{-2}]$ (D) $[AM^{-2}]$

10. 1 वॉट = 1 ..... ?
(A) $J\ s^{-1}$ (B) J s
(C) $J\ s^{-2}$ (D) $J\ s^{2}$

11. निम्नलिखित में से कौन–सा कॉलम–A का कॉलम–B के साथ सही मिलान है?

कॉलम– A (भौतिक गुणधर्म)	**कॉलम– B (इकाई)**
i. विद्युत धारा	a. टेस्ला
ii. वोल्टेज	b. फैरड
iii. धारिता	c. ऐम्पियर
iv. चुंबकीय क्षेत्र	d. वोल्ट

(A) i - c,ii - d,iii - b,iv - a
(B) i - d,ii - c,iii - b,iv - a
(C) i - c,ii - a,iii - b,iv - d
(D) i - c,ii - d,iii - a,iv – b

12. दिया गया समीकरण एक वृत्ताकार पथ पर चलने वाली पिंड की गति का गुण प्रदान करता है। इस समीकरण में 'V' क्या है?
$ac = V^2 / R$
(A) चाल/गति (B) पृष्ठीय क्षेत्रफल
(C) तीव्रता (D) दूरी

13. टॉर किसकी इकाई है ?
(A) बल (B) शक्ति
(C) ऊर्जा (D) दाब

14. निम्नलिखित में से कौन-सा यंत्र धातु भट्ठियों के अंदर के तापमान को मापने के लिए सबसे उचित है ?
(A) पाइरोमीटर (B) थर्मोकपल
(C) थर्मामीटर (D) थर्मिस्टर

15. क्यूरी किसकी यूनिट है ?
(A) रेडियोधर्मिता
(B) गामा किरणों की ऊर्जा
(C) गामा किरणों की तीव्रता
(D) कार्य फलन

❑❑